# Daily Current Affairs 20 May 2022

# Daily Current Affairs

## Table of Content

1. सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन
2. भारत में असमानता की स्थिति रिपोर्ट
3. ‘स्वराज से नव-भारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन’ विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन
4. 41वां "हुनर हाट", समारोह
5. न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 7वीं वार्षिक बैठक का आयोजन
6. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय बॉक्सर निखत जरीन
7. विश्व मधुमक्खी दिवस
8. राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस

# Important News: India

## 1. सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**चर्चा में क्यों:**

- आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान, नामग्याल तिब्बत विज्ञान संस्थान (एनआईटी), सिक्किम के सहयोग से पूर्वोत्तर राज्यों के सोवा-रिग्पा चिकित्सकों के लिए सोवा-रिग्पा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 20 - 21 मई 2022 तक किया जायेगा।
- सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली पर आयोजित कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन 21 मई 2022 को मनन केंद्र, गंगटोक में किया जायेगा।
- गंगटोक में आयोजित कार्यशाला में उत्तर पूर्वी राज्यों के साथ-साथ पूरे भारत से पारंपरिक सोवा-रिग्पा व्यवसायी भी भाग लेंगे।
- सोवा-रिग्पा के मूल सिद्धांत को निम्नलिखित पांच बिन्दुओं के संदर्भ में वर्णित किया जा सकता है:
    - रोग में शरीर उपचार के अधिष्ठान के रूप में
    - प्रतिकारक, अर्थात उपचार
    - प्रतिकारक के माध्यम से उपचार की विधि
    - चिकित्सा जो रोग का उपचार करती है
    - मेटेरिया मेडिका, फार्मेसी एवं भैषजगुणविज्ञान

**संबंधित तथ्य**

**सोवा-रिग्पा, चिकित्सा प्रणाली क्या है?**

- सोवा-रिग्पा, चिकित्सा प्रणाली 2500 से अधिक वर्षों के इतिहास के साथ दुनिया की सबसे पुरानी जीवित और अच्छी तरह से प्रलेखित चिकित्सा परंपराओं में से एक है।
- सोवा-रिग्पा, चिकित्सा प्रणाली को स्थानीय रूप में आमची के नाम से भी जाना जाता है।

BYJU'S EXAM PREP

- सोवा-रिग्पा, चिकित्सा प्रणाली लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और दार्जिलिंग जैसे उत्तर पूर्वी राज्यों में अत्यधिक लोकप्रिय चिकित्सा प्रणाली है।

स्रोत: पीआईबी

## 2. भारत में असमानता की स्थिति रिपोर्ट

**चर्चा में क्यों**

- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) द्वारा 'भारत में असमानता की स्थिति' रिपोर्ट जारी की गई है।

**प्रमुख बिंदु:**

- यह रिपोर्ट देश में विभिन्न अभावों के पारिस्थितिकी तंत्र के संबंध में व्यापक विश्लेषण प्रदान कर असमानता की जानकारी प्रस्तुत करती है, जिसका प्रभाव जनसंख्या के कल्याण और समग्र विकास पर सीधा पड़ता है।
- रिपोर्ट को दो खंडों में विभाजित किया गया है जिसमे आय वितरण, श्रम बाज़ार की गतिशीलता, स्वास्थ्य, शिक्षा और घरेलू विशेषताएंँ जैसे प्रमुख क्षेत्रो को शामिल किया गया है।
- असमानता की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 7.1% की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 44.4% अधिक धन का संकेंद्रण हुआ है।
- बेरोजगारी दर के विषय में रिपोर्ट में दर्शाया गया है की वर्ष 2019 - 2020 के लिए भारत की बेरोज़गारी दर 4.8% है जबकि भारत में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 46.8% है।
- रिपोर्ट में दर्शया गया है की राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, 97% परिवारों तक विद्युत की पहुंँच प्रदान की गयी है, जबकि 70% नागरिको के पास बेहतर सफाई सेवाओं के साधन उपलब्ध है तथा 96% नागरिको को सफलतापूर्वक सुरक्षित पीने योग्य जल उपलब्ध है।

स्रोत: पीआईबी

### 3. 'स्वराज से नव-भारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

**चर्चा में क्यों:**

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'स्वराज से नव-भारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- तीन दिवसीय इस संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया है।
- यह समारोह दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना के 100 वर्ष पूरे किये जाने के उपलक्ष्य में मनाया गया है।
- 'स्वराज से नव-भारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन' संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को भारतीय नवाचार के विषय में प्रशिक्षित करना है।

स्रोत: पीआईबी

## Important News: State

### 4. 41वां "हुनर हाट", समारोह

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा औपचारिक रूप से 41वें "हुनर हाट", "कौशल कुबेर के कुंभ" समारोह का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- 41वें "हुनर हाट", "कौशल कुबेर के कुंभ" का आयोजन 18 से 29 मई, 2022 तक आगरा के शिल्पग्राम, ताजगंज में किया जा रहा है।

- 12 दिवसीय "हुनर हाट" में देश के 32, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 800 से अधिक कारीगर और शिल्पकार भाग लेंगे।
- "हुनर हाट" प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" के आह्वान को मजबूत करने के लिए एक "विश्वसनीय" मंच के रूप में शुरू की गयी पहल है।
- "हुनर हाट" देश की कला और शिल्प की सदियों पुरानी समृद्ध विरासत के "संरक्षण, संरक्षण, संवर्धन" में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**संबंधित तथ्य**

**"हुनर हाट" क्या है?**

- वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में हुनर हाट की अवधारणा देश की कला और शिल्प की पुश्तैनी विरासत की रक्षा एवं उसे बढ़ावा देने, पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों का समर्थन करने के लिये प्रस्तुत की गई एक पहल है।
- हुनर हाट प्रदर्शनी में वो चुने गए कारीगर शामिल होते हैं जिनके पूर्वज इस तरह के पारंपरिक हस्तनिर्मित कार्यों में शामिल थे और अभी भी इस पेशे में संलग्न हैं।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

# Important News: Economy

## 5. न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 7वीं वार्षिक बैठक का आयोजन

**चर्चा में क्यों:**

- वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 7वीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता नई दिल्ली में की गयी।

**प्रमुख बिंदु:**

- 7वीं वार्षिक बैठक में अन्य सदस्यों के रूप में ब्राजील, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका के राज्यपालों/वैकल्पिक राज्यपालों और बांग्लादेश और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नए सदस्य भी शामिल हुए।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 7वीं वार्षिक बैठक के लिए इस वर्ष का विषय "एनडीबी: विकास प्रभाव का अनुकूलन" है।

- इस बैठक में निर्मला सीतारमण द्वारा घोषणा की गयी की चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि 8.9 प्रतिशत तक होने का अनुमान है जो सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक का मुख्य लक्ष्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए खुद को एक विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में सफलतापूर्वक स्थापित करना है।

**संबंधित तथ्य**

**न्यू डेवलपमेंट बैंक क्या है?**

- न्यू डेवलपमेंट बैंक एक बहुपक्षीय विकास बैंक है, जिसकी स्थापना ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा 2014 में ब्रिक्स के साथ-साथ अन्य ईएमडीसी में बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से की गई थी।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक का संचालन 2015 में किया गया था।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक का मुख्यालय शंघाई, चीन में स्थित है।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा अभी तक 7.1 बिलियन डॉलर की राशि के लिए भारत की 21 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

स्रोत: पीआईबी

## Important News: Sports

### 6. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय बॉक्सर निखत जरीन ने गोल्ड मैडल जीता

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय बॉक्सर निखत जरीन ने इस्तांबुल में महिला वर्ल्ड चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52kg) वर्ग में , गोल्ड मैडल जीता है।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस ख़िताब को जितने के पश्चात निकहत जरीन विश्व चैंपियन बनने वाली भारत की 5वीं भारतीय महिला मुक्केबाज बनी है।
- भारतीय बॉक्सर निकहत जरीन ने थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर इस खिताब को अपने नाम किया है।
- इससे पूर्व निकहत जरीन फरवरी में प्रतिष्ठित स्ट्रैंदजा मेमोरियल में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थीं।

- निकहत जरीन से पूर्व एमसी मैरीकॉम, सरिता देवी, जेनी आरएल और लेखा केसी ने भारत के लिए महिला बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता है।

स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो

# Important Days

## 7. विश्व मधुमक्खी दिवस

- 20 मई को प्रतिवर्ष विश्व मधुमक्खी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- इस वर्ष विश्व मधुमक्खी दिवस की थीम "Bee engaged: Build Back Better for Bees" है।
- इस वर्ष विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा एक वृहद राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन गुजरात में किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य मधुमक्खीपालन को बढ़ावा देते हुए देश के छोटे किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाना है।
- विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा गुजरात से जम्मू-कश्मीर में पुलवामा, बांदीपोरा व जम्मू, कर्नाटक के तुमकुर, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर तथा पुणे और उत्तराखंड में स्थापित हनी टेस्टिंग लैब एंड प्रोसेसिंग यूनिट का वर्चुअल उद्घाटन किया गया।
- मधुमक्खी पालन के प्रणेता एंटन जनसा का जन्म भी 20 मई 1734 में हुआ था।
- स्लोवेनिया के प्रस्ताव के पश्चात वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र ने20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस के रूप में घोषित किया था।

स्रोत: पीआईबी

## 8. राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस

- राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस प्रत्येक वर्ष मई के तीसरे शुक्रवार को दुनिया भर में लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा की बढ़ती आवश्यकता को उजागर करने के लिए मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस 2022 की थीम "पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए प्रमुख प्रजातियों को पुनर्प्राप्त करना" है।
- राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस पहल 2006 में डेविड रॉबिन्सन और लुप्तप्राय प्रजाति गठबंधन द्वारा शुरू की गई थी तथा अमेरिकी सीनेट द्वारा स्थापित, ऐतिहासिक राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस 2006 में अस्तित्व में आया।
- इस पहल का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय प्रजातियों, उनके आवासों की रक्षा करने और उनकी रक्षा के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

स्रोत: लुप्तप्राय प्रजाति गठबंधन

BYJU'S EXAM PREP